1	2	3	4
Madhya Pradesh	19308	34	0
Maharashtra	157332	1760	24
Manipur	6179	1259	4
Nagaland	536	36	0
Orissa	5290	000	0
Pondicherry	17684	165	3
Rajasthan	1222	1	1
Tami Nadu	278890	1256	8
Uttar Pradesh	52142	297	1
West Bengal	31576	15	1
Sikkim (Blood Donors)	152	—	—
TOTAL	950851	5588	68

इलाहाबाद और वाराणसी में गंगा कार्य योजना के अधीन कार्य की प्रगति

1276. **श्री रत्नाकर पाण्डेय :** क्या पर्यावरण और वन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इलाहाबाद और वाराणसी में गंगा कार्य योजना के अधीन अब तक कितना कार्य पूरा हो चुका है;

(ख) क्या कार्य निर्धारित योजना के अनुसार हो रहा है, यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) 1991-92 तक कितने कार्य के पूरा कर लिये जाने की संभावना है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) गंगा कार्य योजना के अन्तर्गत इलाहाबाद के लिए 18 स्कीमें और वाराणसी के लिए 34 स्कीमें हाथ में ली गई थीं। इनमें से, इलाहाबाद में 14 स्कीमें और वाराणसी में 31 स्कीमें अब तक पूरी हो चुकी हैं और बाकी 7 स्कीमों में कार्य प्रगति पर है।

(ख) चूंकि अधिकांश स्कीमों में निर्धारित समय-सूची के अनुसार प्रगति हुई है, फिर भी कुछ स्कीमों में खास-तौर पर भूमि अधिग्रहण और न्यायालय में पड़े मामलों के कारण कुछ देरी हुई है।

(ग) चल रही 7 स्कीमों में से, 5 स्कीमों के 31.3.1992 तक पूरा हो जाने की संभावना है।

Extension of free port advisory Committee's Term

1277. SRI PRAMOD MAHAJAN: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the term of Free Port Advisory Committee has been extended;

(b) if so, what are the details in this regard including the reasons for such extension;

(c) what are the names of ports under consideration; and

(d) by when the panel is likely to submit its report?

THE MINISTER OF STATE (INDEPENDENT CHARGE) OF THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): (a) to (d) Yes, Sir. The term of the Adivisory Committee set up to examine the feasibility of setting up a Free Port in the country has been extended upto September, 1991, by which time it is expected that the Committee would submit its report. The reasons for extension of the term of the Committee include, *inter-alia* the need to study one or two existing Free Ports abroad; intesive discussions with the government departments and other agencies concerned and holding of a workshop to ascertain the views of the trade and industry. A number of places in the Southern States and Union Terrorities are under under consideration.

Declaring Sri Sankara University, Kerala as a National University

1278. SHRI PRAMOD MAHAJAN: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether Government proposes to declare Srj Sankara University, Kerala as a National University; and

(b) if so, what are the details in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI RANGARAJAN KUMARAMANGALAM): (a) No, Sir. According to information available in the Department, the Adi Sankeracharya Snskrit University is proposed to be established at Kalady by the Government of Kerala as a State University.

(b) Does not arise.

खर्च में किफायत करने के मामलों में हुई सफलता

1279. **श्री अनन्त राम जायसवाल:**
श्री ईशदत्त यादव:
श्री गुफरान आज़म:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) खर्च में किफायत करने के मामलों में किस हद तक सफलता प्राप्त हुई है;

(ख) क्या सरकार को फिजूलखर्च को रोकने के संबंधों में जारी किए गए निर्देशों का उल्लंघन करने के बारे में कोई सूचना प्राप्त हुई है; और

(ग) यदि हां, तो उनकी संख्या कितनी है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शान्ताराम पोटदुखे): (क) सरकारी खर्च में किफायत बरतने के मामले की सरकार निरन्तर पुनरीक्षा करती रहती है। इस उद्देश्य को मद्देनजर रखते हुए भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को समय-समय पर अनुदेश जारी किए जाते हैं कि वे विभिन्न मदों पर खर्च में कटौती करें। चूंकि ऐसी मदों पर होने वाले खर्च का ब्यौरा किसी एक स्थान पर नहीं रखा जाता है अतः किफायत करने के बारे में कितनी सफलता मिली है इसकी मात्रा निश्चित कर पाना संभव नहीं है।

(ख) और (ग) अनुदेशों के उल्लंघन की कोई रिपोर्ट सरकार के ध्यान नहीं आई है।